प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.03.2026 **15:00 बजे**

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट उपरांत आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है। उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार का इरादा और संकल्प स्पष्ट है – अधिक निर्माण करना, अधिक उत्पादन करना, अधिक संपर्क स्थापित करना और अधिक निर्यात करना।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं।

हर्षवर्धन चौहान

प्रदेश में आगामी 16 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए 5 मार्च को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। उद्योग व संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि राज्यसभा उम्मदवारों की सूची आज शाम तक जारी हो सकती है और अंतिम निर्णय कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव को देखते हुए पांच मार्च को कांग्रेस विधायक दल की बैठक भी बुलाई गई है।

संसदीय कार्यमंत्री ने ये भी कहा कि 18 मार्च से प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र फिर से आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 20 मार्च को वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक बजट पर चर्चा व कटमोशन प्रस्ताव होगा जबकि 28 मार्च को सदन में बजट पारित किया जाएगा।

राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि हरित ऊर्जा राज्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार प्रतिबद्धता से प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में हिमाचल प्रदेश टाउन एंड कंट्री प्लानिंग नियम 2026 के अनुसार सभी कमर्शियल, पब्लिक और सेमी–पब्लिक बिल्डिंग व रियल एस्टेट परियोजनाओं में इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए चार्जिंग पॉइंटस बनाए जाएगें। धर्माणी ने कहा कि इसके अलावा प्रदेश में हिमाचल प्रदेश एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड एंड रूल्स 2018 भी अनिवार्य किए गए हैं।

बिक्रम ठाकुर

पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों पर पूर्ण विराम लगाकर हिमाचल को आर्थिक व प्रशासनिक ठहराव की ओर धकेल दिया है। धर्मशाला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि 2027 तक आत्मनिर्भर हिमाचल का दिखाने वाली सुक्खू सरकार की असलियत अब जनता के सामने उजागर हो चुकी है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि विधायक प्राथमिकताओं को केवल एक योजना तक सीमित करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार आर्थिक व वित्तीय कुप्रबंधन को छिपाने के लिए विकास कार्यों पर रोक लगा रही है।

बसंत उत्सव

राष्ट्रपति निवास मशोबरा में भव्य बंसत उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने बडे ही उत्साह के साथ भाग लिया। राष्ट्रपति निवास के प्रबंधक संजु डोगरा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उत्सव में हिमाचली संस्कृति के साथ–साथ देशभक्ति की भावना को प्रमुखता दी गई। वहीं मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास के मार्केटिंग एसोसिएट अजय भारद्वाज ने बताया।